आज का दिन
लाला लाजपत राय की जयंती

1865. स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय का जन्म पंजाब के फिरोजपुर में हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम में जुड़ने से पहले वे वकालत करते थे।

दैनिक भास्कर

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

राजस्थान

dainikbhaskar.com | जयपुर, मंगलवार, 28 जनवरी, 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष-14, 2081 | 12 राज्य | 61 संस्करण

सीएसआईआर-सीरी के वैज्ञानिकों ने विकसित की तकनीक

अब एलईडी लाइट्स के सेमी कंडक्टर चिप देश में ही बनेंगे

पिलानी (झुंझुनूं)| सीएसआईआर-सीरी पिलानी के वैज्ञानिकों ने सेमी कंडक्टर चिप बनाने की तकनीक विकसित कर ली है। यह चिप लाल, नीली, हरी और सफेद रंग की लाइट देने में सक्षम है। स्वदेशी सेमी कंडक्टर एलईडी तकनीक से बिजली की खपत कम होगी और ऑटोमोबाइल, चिकित्सा उपकरण, कृषि अनुप्रयोग, संचार प्रौद्योगिकी, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में बहुत सहायक साबित होगी। बता दें कि सेमीकंडक्टर्स को प्रोडक्ट्स का दिल माना जाता है। सेमी कंडक्टर क्षेत्र में अकेले ताइवान की 63% हिस्सेदारी है। सीएसआईआर सीरी के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने बताया कि संस्थान अब इस प्रोजेक्ट के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रोजेक्ट से जुड़े सीनियर साइंटिस्ट डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि अब चिप का निर्माण देश में ही सम्भव हो पाएगा। कई क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव होंगे।